# **मेगा रोजगार मेला: राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोलन जिला सोलन**

दिनांक 27.02.2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोलन जिला सोलन में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में देश-प्रदेश की जानी पहचानी 24 (चौबीस) कंपनीज (जैसे Eastmen Auto & Power Ltd, Cosmos Ferritis Ltd, Cheema Boilers Ltd., P&G Pvt Ltd, Microteck, Microturner, MT Craft, Mile Stone Gears Pvt Ltd, Havells India, Penguin Electronics Limited, Shivalik Bimetals Chambaghat Solan, Ind Sphinx Precision Ltd., Indorama, Luminious Power technologies Pvt Ltd इत्यादि) में साक्षात्कार के लिए लगभग 876 युवाओं ने भाग लिया तथा 575 प्रतिभागियों का चयन विभिन्न कंपनीज में हुआ।




इस रोजगार मेले में तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री राम लाल मार्कंडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने इस रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि महोदय ने उपस्थित अभ्यर्थियों को इस रोजगार मेले का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया तथा प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में भी अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेतित किया। इस अवसर पर डॉ राजेश कश्यप, (बी0 जे0 पी0 प्रभारी, सोलन) तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




इस मेगा रोजगार मेले में प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम, श्रीमति कुमुद सिंह, निदेशक तकनीकी शिक्षा श्री विवेक चंदेल एवं एस0 डी0 एम0 सोलन, श्री अजय कुमार यादव, जिला रोज़गार अधिकारी श्री संदीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।





प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोलन श्री ललित कुमार ने मुख्य अतिथि महोदय तथा आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया तथा आए हुए प्रतिभागियों को इस रोजगार मेले का लाभ उठाते हुए इसे सफ़ल बनाने का आग्रह किया। ।





इस अवसर पर प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राजगढ़ सुश्री नवीन कुमारी, प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कृष्णगढ़ (कुठाड़) श्री मुनी लाल, प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कसौली श्री सुभाष चन्द्र शर्मा तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोलन के कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण सिंह कश्यप, वर्ग अनुदेशक श्री नेक राम, श्री परेश शर्मा, श्री जितेन्द्र सिंह रांगटा तथा समस्त स्टॉफ भी उपस्थित रहा।